स्वच्छता ही सेवा से स्ट्रीट वेंडरों को जोड़ने के लिए उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए कार्यशाला आयोजित

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के तहत निगम सभागार में स्ट्रीट वेंडरो की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रमुख रूप से छोटे व्यवसाय करने वाले व्यवसायियो को अपने दुकानो एवं आस–पास के क्षेत्रो में गंदगी न फैलाने, स्वच्छता के संबंध में प्रचार–प्रसार करने एवं नागरिको को स्वच्छता के साथ खादय सामग्री वितरित करने की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे चलचित्र दिखाकर यह समझाया गया कि किस प्रकार से व्यवसाय करने से उन्हे अधिक आमदनी होगा। ग्राहक भी उनके दुकान पर अधिक आयेगे। खादय सामग्री स्वास्थ्य वर्धक रहेगी। स्ट्रीट वेंडर को यह भी सिखाया गया कि हम सब साफ सफाई करते है गंदगी इधर–उधर नहीं फैलाते है सही साफ सुथरा कपड़ा पहनकर खादय सामग्री बनाते है इससे सभी प्रकार के ग्राहक खिंचे चले आते है। सभी वेडरो को पहनने के लिए एप्रान, ग्लब्स, पोछने के लिए कपड़ा, सर में पहनने के लिए टोपी इत्यादि वितरित किया गया। वेंडरो की मांग थी कि उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया जाये। जिससे कोई भी व्यक्ति उन्हे परेशान न करे। उनके पास प्रमाण पत्र हो। वेंडर को उनके ट्रेड के अनुसार सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। वेंडरो के तरफ से कुछ मांग भी की गई थी उसे पुरा किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़कर वेंडरो ने खुसी जाहिर की। सब लोगो ने एक साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से नोडल अधिकारी अनिल सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, सीईओ, सीआरपी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन 03 से जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी, वीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक सी एम यादव, अर्बन कंपनी जोनल विनोद, शहरी आजीविका मिशन से अमन पटले, एकता शर्मा, नलनी तनेजा सुपरवाईजर बीरबल बघेल, किरण कुमार बंजारे, महिला समूह की टीम सहित स्ट्रीट वेंडर संचालक बनारसी पान, डेली नीड्स, चाय–नास्ता, पराठा सेंटर, आरती चाय, बालाजी पराठा, अंकुर पराठा एवं दिलीप डेली नीड्स इत्यादि उपस्थित रहे।